हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, बुधवार 11 जून 2025


तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री


12 नकली गुटखे के नाम पर करोड़ों का कारोबार...




14 शिक्षकों की कमी दूर, युक्तियुक्तकरण से कुदारी दल्ली, जुन्नापानी स्कूलों ...





## खबर संक्षेप

### बुजुर्ग महिला की धारदार हथियार से हत्या, जांच जारी



**बालोद।** जिले में मंगलवार शाम को उस वक्त सनसनी फैल गई जब बालोद थाना अंतर्गत ग्राम बघमरा में 62 वर्षीय गीता बाई देवांगन की किसी अज्ञात हमलावर ने धारदार हथियार से बेरहमी से हत्या कर दी। घटना के वक्त घर मे उसकी बहू भी मौजूद थी लेकिन दोनो अलग अलग कमरो मे थी। बताया जा रहा है कि वारदात बेहद सुनियोजित तरीके से अंजाम दी गई। आरोपी न तो पहचान में आया और न ही कोई शोरगुल की आवाज सुनी गई। खून से लथपथ महिला का शव कमरे में पड़ा मिला। जिसके बाद परिजनों और मोहल्ले में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही बालोद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। फारेसिंग टीम को भी बुलाया गया जो घटना स्थल से अहम सुराग जुटाने मे लगी है। फिलहाल हत्या की वजह और आरोपी का कोई सुराग नहीं मिल सका है। पुलिस हत्या की गुत्थी सुलझाने में जुटी है।

### केदारनाथ यात्रा के दौरान कर्मचारी की मौत



**बालोद।** श्रद्वा से भरी केदारनाथ की यात्रा एक दुखद स्वप्न में बदल गई, जब दुर्ग जिले के जवाहर नगर निवासी विजय भारद्वाज जो कि छत्तीसगढ़ शासन के जीएसटी विभाग में सहायक ग्रेड 3 पद पर पदस्थ थे। यात्रा के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। मृतक विजय भारद्वाज बालोद में पदस्थ कोषालय अधिकारी मुकुंद सिंह भारद्वाज के पुत्र है। जानकारी के अनुसार विजय धार्मिक यात्रा के तहत केदारनाथ पहुंचे थे और जब वह हेलीकॉप्टर से लौट रहे थे, उस समय पाटा के पास उनकी तबीयत अचानक खराब हो गई, उन्हें चक्कर आने लग और वह बेहोश हो गए। हेलीकॉप्टर में रखे गए ऑक्सीजन सिलेंडर से राहत देने का प्रयास किया गया। जब तक हेलीकॉप्टर नीचे उतारा गया तब तक बहुत देर हो चुकी थीं। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। यह खबर जब उनके दुर्ग स्थित परिवार तक पहुंची तो पूरा माहौल शोक में डूब गया। उनके पिता मुकुंद सिंह भारद्वाज वर्तमान में बालोद जिले में ट्रेजरी अधिकारी के रूप में पदस्थ है।

### ससुर-दामाद को हाईवा ने मारी ठोकर, गंभीर

**गुरूर।** मार्ग भटक जाने के बाद अन्य मार्ग से मोपेड के माध्यम से रिश्तेदार के घर जा रहे ससुर दामाद को हाईवा ने ठोकर मार दी, जिसमें ससुर-दामाद गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें पुरूर पुलिस अपने वाहन से अस्पताल पहुंचायी, जहां दामाद की गंभीर स्थिति को देखते हुए धमतरी रेफर किया गया। पुलिस घनाराम पटेल ने बताया कि रविवार को दामाद पोषण पटेल एवं अन्य रिश्तेदार के साथ ग्राम पेरपार निवासी रिश्तेदार नरेन्द्र पटेल के घर परिवारिक कार्यक्रम में गए थे। शाम 7 बजे नरेन्द्र पटेल से मोपेड को मांगकर दामाद के साथ ग्राम कंवर गए थे। रास्ता भूलने के बाद ग्राम फागुनदाह पहुंच गए। वहां से पेरपार जा रहे थे। इस दौरान शाम को पुरूर पलारी मुख्य मार्ग ग्राम फागुनदाह बड़े तालाब के पास पुरूर तरफ से आ रही हाईवा चालक ने पीछे से टक्कर मार दिया। घटना के बाद राहगिरों ने पुरूर पुलिस को सूचना दी। पेट्रोलिंग वाहन से दोनों को सीएचसी गुरूर में भर्ती कराया गया, जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए दामाद को धमतरी के अस्पताल में रेफर किया गया।

# युक्तियुक्तकरण के विरोध में शिक्षक साझा मंच ने निकाली रैली, जताया विरोध

## पूर्व सेटअप के आधार पर मांग पूरी करने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

शिक्षक साझा मंच के प्रांतीय आह्वान पर जिले के शिक्षकों ने पिछले वर्ष 2 अगस्त के युक्तियुक्तकरण नियम के तहत किए जा रहे युक्तियुक्तकरण को निरस्त कर 31 मार्च 2008 के सेट अप के आधार पर युक्तियुक्तकरण करने, क्रमोन्नत वेतनमान के लिए जनरल आर्डर करने, पूर्व सेवा अवधि के आधार पर पेंशन व अन्य लाभ देने तथा पदोन्नति के लिए बीएड, डीएड को मान्य करने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट तक रैली निकाली व मुख्यमंत्री, शिक्षा सचिव, डीपीआई के नाम कलेक्टर बालोद को ज्ञापन सौंपा। शिक्षक साझा मंच ने मांग की कि वर्तमान में हुई युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में कोई दावा आपत्ति नहीं ली गई। अतिशेष शिक्षकों व रिक्त पदों की सूची पहले जारी नहीं की गई, जिससे काउंसिलिंग व पदांकन में व्यापक त्रुटियां सामने आई है। इसलिए व्यापक विसंगति को देखते हुए युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को निरस्त किया जाए तथा वित्त विभाग द्वारा जारी सेट अप 2008 के अनुसार प्राथमिक शाला में 60 की दर्ज संख्या पर एक प्रधान पाठक व दो सहायक शिक्षक तथा माध्यमिक शाला में 105 की दर्ज संख्या पर प्रधान ▸▸ शेष पेज 13 पर





### मांग पूरी नहीं होने पर करेंगे प्रवेशोत्सव का बहिष्कार

शिक्षक साझा मंच के तय रणनीति के अनुसार अब सभी मांगों के लिए 13 जून को संभाग स्तरीय रैली कर ज्ञापन सौंपा जाएगा व मांगों पर फिर भी सकारात्मक निर्णय नहीं होने पर प्रांतीय निर्णय अनुसार 16 जून से शाला प्रवेशोत्सव बहिष्कार किया जाएगा। शिक्षक साझा मंच की ओर से रैली व ज्ञापन सौंपने वालों में शिक्षक साझा मंच की ओर से जिला संचालक दिलीप साहू, जितेंद्र शर्मा, देवेंद्र हरमुख, वेदप्रकाश साहू के नेतृत्व में रामकिशोर खरांशु, शिव शांडिल्य, पवन कुंभकार, राजेश यादव, सूरज गोपाल गंगबेर, राजेंद्र देशमुख, गजेंद्र रावटे, संदीप दुबे, खिलानंद साहू, रिखी राम ध्रुव, रघुनंदन गंगबोईर, जगतराम साहू, टोमन भुआर्य, छबिलाल साहू, नितिन सोनबरसा, युवराज गंधर्व, बालाराम निषाद, कुमार कश्यप, आगेश्वर साहू, चोवा राम मंडावी, रविन्द्र नाथ योगी, जयप्रकाश नंदा, बलराम बंजारे, रामनारायण, पुष्पा गंगबोईर, ऋतु बघेल, शानू उपस्थित थे।

## हत्या : डौंडीलोहारा में शराब विवाद मामला, पुलिस ने चंद घंटों में सुलझाई गुत्थी

# शराब पीने की बात को लेकर विवाद, पाइप से मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दल्लीराजहरा/ डौंडीलोहारा

मंगलवार को दोपहर करीब 2:30 बजे, दल्लीराजहरा के थाना डौंडीलोहारा को एक सनसनीखेज सूचना मिली। सूचना में बताया गया कि देसी-विदेशी मदिरा शॉप, डौंडीलोहारा के पास एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा है। इस खबर के मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर थाना स्टाफ मौके पर रवाना हुआ। मामले की गंभीरता को समझते हुए, पुलिस अधीक्षक बालोद, योगेश पटेल और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, मोनिका ठाकुर ने तुरंत घटनास्थल को सुरक्षित रखने और आरोपी की गिरफ्तारी के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किए। इन निर्देशों के बाद, एसडीओपी बालोद, देवांश सिंह राठौर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घटनास्थल को तुरंत सील कर दिया। चश्मदीद गवाहों से गहन पूछताछ की गई और त्वरित कार्रवाई करते हुए एक संदिग्ध को हिरासत ▸▸ शेष पेज 13 पर

### इनका रहा योगदान

इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी डौंडीलोहारा मुकेश सिंह, सहायक उप निरीक्षक अनित यादव और लक्ष्मण नौरंग, प्रधान आरक्षक दिगंबर यादव, अरविंद यादव, और थाने के समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। पुलिस की त्वरित और प्रभावी कार्रवाई से इस जघन्य अपराध के आरोपी को जल्द ही पकड़ लिया गया, जिससे क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिली है। यह घटना एक बार फिर शराब के सेवन से होने वाले सामाजिक दुष्परिणामों को उजागर करती है।





### लोहे के चौकोर पाइप से सिर पर किया वार

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि शराब पीने की बात को लेकर मृतक विजय बघेल और उसके बीच तीखी बहस हुई। यह विवाद इतना बढ़ गया कि आवेश में आकर जालम आमदो ने पास में ही रखे एक लोहे के चौकोर पाइप से विजय बघेल के सिर पर जोरदार वार कर दिया। इस हमले के कारण विजय बघेल की मौके पर ही मृत्यु हो गई। इस गंभीर घटना के संबंध में थाना डौंडीलोहारा में अपराध कायम कर धारा 103 बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) के तहत आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



# मोबाइल टावर लगाने पर एसडीएम ने लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरूर

सभापति जिला पंचायत बालोद लक्ष्मी अशोक साहू के हस्तक्षेप के बाद ग्राम पंचायत सनौद में लग रहे मोबाइल टावर के निर्माण पर एसडीएम ने रोक लगाई। विद्यालय व मुख्य बस्ती के बीच लग रहे एक टावर को मोबाइल टॉवर के कारण पड़ने वाले रेडिएशन की डर से ग्रामीणों द्वारा जागरूकता परिचय देकर वहां से हटाकर किसी अन्यत्र बस्ती से दूर व विद्यालय से दूर करने संबंधी पत्र लक्ष्मी अशोक साहू ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गुरूर को दिया था। जांच उपरांत मोबाइल टावर के निर्माण पर रोक लगायी गई।



- ग्रामीणों ने रेडियेशन से होने वाले खतरा को अवगत कराने के बाद एसडीएम ने की कार्रवाई

जारी स्थगन आदेश में कहा गया है कि सभापति जिला पंचायत बालोद लक्ष्मी अशोक साहू द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायत सनौद तहसील गुरूर के वार्ड क्रमांक 1 के नागरिकों द्वारा शिकायत प्राप्त हुई है कि जो टावर लग रहा है वह पूरे वार्ड व विद्यालय से मात्र 30 मीटर की दूरी पर स्थित है, जिसके कारण वहां रहने वाले नागरिकों एवं स्कूल के बच्चों पर रेडिएशन का बुरा प्रभाव पड़ने का डर है। टावर को अन्यत्र स्थान में लगवाने का निवेदन किया गया है। उपरोक्त संबंध में हल्का पटवारी से स्थल जांच प्रतिवेदन लिया गया। प्रतिवेदन अनुसार टावर हेतु चयनित भूमि, ग्राम सनौद तहसील गुरूर निवासी रूपेश कुमार पिता झुमुक जाति तेली के भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं 44/2 रकबा 0.21 हे. दर्ज है। टावर हेतु चयनीत भूमि से रहवासी मकान व तीन प्राईवेट संचालित स्कूल लगा हुआ है। टावर हेतु ग्राम पंचायत सनौद से किसी प्रकार से एनओसी भी नहीं ली गई है। वार्डवासी वार्ड क्रमांक 01 द्वारा मोबाइल टावर लगने से रेडिऐशन का खतरा होने से टावर को अन्यत्र शिफ्ट करने हेतु आपत्ति दर्ज की गई है। चयनीत स्थल मोबाइल हेतु उपयुक्त नहीं होना प्रतिवेदित किया गया है।

इसलिए पटवारी जांच रिपोर्ट के आधार पर रेडिएशन का खतरा संभावित है, इसलिए लोकबाधा को दृष्टिगत रखते हुए निर्माणाधीन मोबाइल टावर को आगामी आदेश तक रोक लगाई गई है।

# सरकारी अस्पताल में फिर मारपीट गाली-गलौज, सुरक्षा पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

जिले के एक सरकारी अस्पताल में एक बार फिर अस्पताल चौकीदार व कर्मचारियों के साथ मारपीट व गाली गलौज की घटना सामने आई है जिससे एक बार फिर जिले के अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठना प्रारंभ हो गया है। जहां जिले के गुण्डरदेही शासकीय अस्पताल मे देर रात एक युवक अपने साथियो के साथ पहुंचा उन पर आरोप है कि उन लोगों ने चौकीदार के साथ मारपीट की व वहां के स्टॉफ व नर्सो के साथ गाली गलौज की घटना को अंजाम दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुण्डरदेही के शासकीय अस्पताल में देर रात कचांदुर निवासी उमाशंकर देशमुख अपने दोस्तों के साथ पहुंचा उन पर आरोप है कि उन लोगों ने अस्पताल में रात को चौकीदार के रूप में तैनात कैलाश पटेल के साथ मारपीट करने लगा जहां कैलाश पटेल द्वारा उमाशंकर को अस्पताल के अंदर जबरदस्ती घुसने के प्रयास करने पर विरोध करते हुए उसे रोकने का काम किया गया। इसी दौरान शोर शराबा सुन तथा अस्पताल मे जबदस्ती घुसने का प्रयास करते देख अस्पताल मे तैनात स्टॉफ व नर्से भी बाहर आ गए तथा युवको का विरोध करते हुए उन्हे अस्पताल परिसर से बाहर जाने की बात कहने लगे जिस पर युवक व उसके दोस्तो द्वारा चौकीदार के साथ अस्पताल के स्टॉफ व नर्सो के साथ गाली गलौज करने लगे जिसके बाद पुलिस टीम पहुंची और उक्त युवको को वहां से पकड़कर थाने ले आई जिसके बाद मामला शांत हुआ। वही उक्त युवको के खिलाफ गुण्डरदेही थाने मे अपराध दर्ज किया गया है। आपको बता दे कि इससे पूर्व जिले के कई अस्पतालो मे ऐसी घटना कई बार घट चुकी है तथा घटनाओ के बाद अस्पतालो के स्टॉफ व नर्सो के द्वारा धरना प्रदर्शन के माध्यम से इसका विरोध भी किया जा चुका है, लेकिन उसके बाद भी प्रशासन द्वारा कोई कदम नही उठाया जा रहा है। जिससे लगातार ऐसी घटनाएं सामने आ रही है।

# जनदर्शन में लोगों ने बताई समस्या, मिली राहत





हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम जिले के विभिन्न स्थानों से अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु पहुंचे आम नागरिकों एवं दिव्यांग जनों के लिए राहत भरा साबित हुआ। इस दौरान कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले के विभिन्न स्थानों से पहुँचे लोगों से मधुर एवं आत्मीय बातचीत कर उनकी मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आवेदकों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने जनदर्शन में पहुँचे सभी लोगों से मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। एक सच्चे अभिभावक की भाँति जिला प्रशासन के मुखिया की स्नेहिल एवं आत्मीय व्यवहार से जनदर्शन में पहुँचे आम नागरिक बहुत ही अभिभूत नजर आ रहे थे। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम गैंजी के दिव्यांग बालिका कुमारी अरीना से ▸▸ शेष पेज 13 पर

- कलेक्टर से पानी टंकी की मरम्मत, डिवाइडर बनाने की भी मांग

## निर्माण के लिए राज्य सरकार ने बजट में रखा है 450 लाख का प्रावधान

# देवधरा नाला पर बनेगा तटबांध, 300 एकड़ खेती होंगी सिंचित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुसुमकसा

ग्राम कुसुमकसा में खलारी रोड पर देवधरा नाला में एक विशाल टथ बांध बनाकर किसानों के खेत में लिफ्ट एरिगेशन के माध्यम से पानी पहुंचाने की योजना है। इस योजना से ग्राम कुसुमकसा के सैकड़ों किसानों के 300 एकड़ खेत सिंचित होगा। अन्नदाता इस योजना के माध्यम से बेहतर किसानी कर पाएंगे। इस योजना के लिए राज्य की विष्णु देव सरकार ने 450 लाख रुपए की राशि बजट के प्रावधान में रखी है।

इस योजना को बेहतर बनाने के लिए कल भाजपा नेता एवं पूर्व जनपद सदस्य कुसुमकसा संजय बैंस ने अधिकारियों और किसानों के लिफ्ट इरीगेशन बनने के लिए प्रस्तावित स्थान का निरीक्षण किया और जल्दी क्रियान्वयन करने के लिए चर्चा भी की। इस योजना के पूर्ण होने के होने से कृषि कार्य के गुणवत्ता में सुधार आएगा तथा किसानों को उन्नत किसानी के साथ चिंतामुक्त किसानी करने के रास्ता साफ हो जाएगा।



कुसुमकसा के किसानों के इस मांग को बजट में शामिल करने के लिए संजय बैस ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र के किसान विगत कई वर्षों से इस योजना का मांग कर रहे थे। राज्य सरकार इस योजना को लागू कर किसानों को बड़ी सौगात दी है तथा इस लिफ्ट इरीगेशन के बनने से किसान भाइयों के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही ग्रामीणों की हर मांग पूरी हो रही है। गत दिनों ग्राम चिखली से जुनवानी तक रोड बनने की जो मांग पूरी हुई है, वह बहुत बड़ी उपलब्धि है। बरसों पुरानी मांग भाजपा सरकार ने पूरी कर दी, जो दूरी 30 किलोमीटर की थी अब वह सिमट कर मात्र 4 किलोमीटर की रह गई है। उपरोक्त स्थल पर उपस्थित किसानों ने कहा कि हम लोग संजय बैस के प्रति आभार जातते है कि उनके प्रयास से सरकार ने 450 लाख की राशि हमारे इस योजना के लिए स्वीकृत की है। भाजपा चुनाव के समय ग्रामीणों से जो वादा की थी वह पूराकर दिखायी। वास्तव में भाजपा बहुत पुरानी हमारी मांग को तत्परता के साथ पूरी कर रही है, जिससे हमें उम्मीद है कि आने वाले दिनों में हमें भरपूर लाभ होगा। कृषि कार्य के लिए पानी की समस्या दूर होगी तथा हम लोग चिंता मुक्त किसानी कर पाएंगे। समय पर पानी की कमी पूरी होने के कारण हमारे फसल की गुणवत्ता में भी सुधार आएगा। इस अवसर पर सरपंच वेद बाई पिस्दा, उप सरपंच नितिन जैन, संतोष जैन, पंकज जेठवानी, सुगरा बेगम, खेमीन निर्मलकर, दीपक यादव, पूर्व सरपंच शिव राम सिंदरामे, राजू सिन्हा, जगन्नाथ सिवाना, कन्हैया भैंसारे, गोविंद सिन्हा, हरि ठाकुर, सहित सैकड़ों की संख्या में किसान उपस्थित थे।

# किसानों ने खरथुली सोसायटी को उपकेंद्र बनाने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

ग्राम खरथुली के किसानों ने ग्राम में स्थित सोसायटी को उपकेन्द्र से केन्द्र बनाने की मांग करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन में कहा कि बीते वर्ष जिले के 24 उपकेन्द्रों को केन्द्र में तब्दील किया गया जिसमें खरथुली उपकेन्द्र को छोड़ दिया गया है, जो ग्राम के किसानो के साथ अन्याय है। ज्ञापन में आगे कहा गया है कि इस संबंध में कलेक्टर बालोद, उपपंजीयक, नोडल अधिकारी बालोद, संभागीय उप आयुक्त दुर्ग को ज्ञापन दिया गया। साथ ही उनसे मिलने गांव की 15 सदस्यीय टीम दुर्ग गई। जिसमे सरपंच, ग्राम पटेल, समिति संचालक सदस्य और वृद्वजन लोगो ने आयुक्त दुर्ग से मुलाकात कर इस संबंध मे अवगत कराने की कोशिश की, लेकिन उनके अनुपस्थिति के कारण उनसे मुलाकात नही हो पाया और इस दौरान अन्य अधिकारियो से मिलने पर दावा आपत्ति का समय निकल जाने की बात करते हुए कुछ नही होने की बात कह दी गई। ग्राम द्वारा सोसायटी गठन के लिए आव"यक दस्तावेज पहले ही दी जा चुकी है उसके बाद भी खरथुली के अधिकारो को अनदेखी की गई।

इस दौरान सरपंच खरथुली हरखराम रावटे, ग्राम पटेल राम दयाल बंजारे, कुमारी बाई, पूर्व उपाध्यक्ष सेवा सहकारी समिति बड़गांव पिस्दा, पूर्व संचालक सदस्य कीर्तन देवांगन, पूर्व सरपंच खुमान सिंह यादव, धीरपाल कोराम, करण पिस्दा, शत्रुघन मंडले, उपाध्यक्ष भाजपा मंडल डौण्डीलोहारा डॉ मानसिंह, अमृत चनाप, कृष्णा भुआर्य, नारायण रावटे उपस्थित थे।

# फरमानः निगम में गुप-चुप अनुकंपा नियुक्ति और पदोन्नति की खुलेगी फाइलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगरनिगम द्वारा किए गए अनुकंपा नियुक्ति और पदोन्नति के प्रकरणों को लेकर राज्य शासन द्वारा जानकारी मांगे जाने से हडकंप की स्थिति निर्मित हो गई है। छग लोक आयोग ने एक पत्र जारी कर नगरीय प्रशासन विभाग को जानकारी मांगी है। जिसके बाद नगरीय प्रशासन विभाग ने नगरनिगम आयुक्त को पत्र के जरिए शिकायत प्रकरण की जानकारी मांगी है।

उल्लेखनीय है किए नगरनिगम दुर्ग में अनुकंपा नियुक्ति मामले में ढेरो शिकायते सामने आई है। लेकिन पिछले सत्ता में रहे लोगों द्वारा सीधे हस्तक्षेप किए जाने के कारण ऐसे गंभीर मामलों में कार्यवाही नही हो सकी थी। जानकारी अनुसार राज्य शासन ने रमेश कुमार शर्मा की सहायक अधीक्षक से सहायक लेखाधिकारी के पद पर की गई पदोन्नति नियमों के विपरीत होना पत्र में उल्लेख किया है। साथ ही नम्रता रक्सेलए भृत्य एवं प्रीति उज्जैनवारए सहायक राजस्व निरीक्षक को निकाय द्वारा दी गई नियुक्ति नियमों के विपरीत होना बताया गया है। इस तरह शासन ने रमेश कुमार शर्माए नम्रता रक्सेल भृत्य एवं प्रीति उज्जैनवार के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई हैए इसकी जानकारी नहीं दी गई है। खबर है किए दो माह बीतने के बाद भी नगरनिगम द्वारा इस संबंध की जानकारी राज्य शासन को उपलब्ध नही कराई गई है।

**खास बातें**

- अपात्रों को भी दी गई अनुकंपा नियुक्ति, शासन ने मांगा ब्यौरा
- सत्ता बदलने के बाद सामने आएगी गड़बड़ी की तस्वीर
- मार्च माह से राज्य शासन ने मांगी जानकारी

## राज्य शासन ने पदोन्नति और अनुकंपा नियुक्ति की मांगी जानकारी, निगम ने नहीं भेजी

### अनुकंपा नियुक्ति की जांच से खुलेगी पोल

नगरनिगम द्वारा एक परिवार में एक से अन्य लोगों को अनुकंपा नियुक्ति दी गई है। जबकि एक परिवार को सिर्फ एक ही लोगों को नौकरी देने का प्रावधान है। वही निगम के कर्मचारी की मौत के बाद पत्नि के नौकरी में रहते हुए भी नौकरी दिए जाने के मामले सामने आए थे। अनुकंपा के आलावा स्वेच्छित सेवानिवृत्त वाले प्रकरण की भी जानकारी मांगी गई है। बहरहाल राज्य शासन द्वारा आदेश मांगे जाने से इन दिनों निगम में चर्चा का माहौल गर्म है। देखना है किए सत्ता परिवर्तन के बाद क्या ऐसे मामलों में कार्यवाही होगी।




### जरूरतमंद आज भी भटक रहे

नगरनिगम दुर्ग में कांग्रेस की सत्ता के दौरान भी कई अनुकंपा नियुक्ति के पात्रता रखने वाले परिजनों को नौकरी नही मिल पाई। जबकि कई बार यह विषय सामान्य सभा के पटल में आ चुके है। इसके बाद भी हितग्राही भटक रहे है। लेकिन निगम द्वारा पद नही होने का हवाला देकर अनुकंपा नियुक्ति नही दी गई। सामान्य सभा में कम से कम ऐसे हितग्राहियों को मिशन क्लीन सिटी जैसे कार्य में रखने की पेशकश भी की गई थी। इस संबंध में ढेरो आवेदन पत्र आयुक्त के समक्ष भी आए है। लेकिन अफसरों ने गंभीरता नही दिखाई है।

**खबर संक्षेप**

### बैठक में वैक्सीनेशन की दी जानकारी

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक कार्यालय कलेक्टर के सभाकक्ष में किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारीगण सीईओ जिला पंचायत, समस्त आयुक्त नगर पालिका निगम, समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला आयुर्वेद अधिकारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी व अन्य विभागीय जिला अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग से डॉ मनोज दानी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दिव्या श्रीवास्तव, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ भूमिका वर्मा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक समस्त जिला नोडल अधिकारी भिलाई सेक्टर 9 के डॉ डब्ल्यूएचओ के सर्विलांस चिकित्सा अधिकारी, आईएमए, आईपीए के अध्यक्ष व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। उक्त जिला टास्क फोर्स की बैठक में राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत बच्चों में होने वाले वैक्सीन प्रीवेंटेबल डिजीज एवं 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को डायरिया से बचाव हेतु स्टॉप डायरिया कैंपेन 2025 के आयोजन के संबंध में जिला नोडल अधिकारी द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई। कलेक्टर द्वारा समस्त विभाग को निर्देशित किया गया कि उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु समयबद्ध अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे एवं इसके संबंध में विभिन्न माध्यमों से प्रचार प्रसार किया जाए। साथ ही एमआर वैक्सीन से जिले के कोई भी बच्चे छूटे ना इसके लिए कार्य योजना बनाकर टीकाकरण करने एवं अन्य निर्देश दिए गए।

### ब्राउन शुगर सप्लायर महिला गिरफ्तार

**भिलाई।** ब्राउन शुगर का अवैध कारोबार करने वाली महिला को पुलिस ने नागपुर से गिरफ्तार किया है। महिला के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि ब्राउन शुगर की बड़ी सप्लायर ईतवारी रेल्वे स्टेशन शाद अस्पताल के सामने थाना शांति नगर नागपुर महाराष्ट्र निवासी चित्रा मनोज रहांगडाले उर्फ चित्रा ठाकुर को गिरफ्तार किया है। पूर्व में आरोपी देवेन्द्र विश्वकर्मा और करण रंगारी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया है। इन आरोपियों से ब्राउन शुगर कुल 2.5 ग्राम जिसकी कीमत 10 हजार रुपए आंकी गई है।

**अवैध कारोबार : गांव-गांव में नकली गुटखा डंप करने अवैध गोदाम हो रहे संचालित**

# नकली गुटखे के नाम पर करोड़ों का कारोबार, बाहरी व्यापारी सक्रिय

**औषधि प्रशासन विभाग की सांठगांठ से शहर से गांव तक फैला व्यापार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कोनारी में करीब डेढ करोड रूपए से अधिक की नकली गुटखे के कारोबार का भंडाफोड होने के बाद लगातार नए तार सामने आ रहे है। नकली गुटखा के आलावा करोडों रूपए की बीडी तक बाजार में खप रही है। दुर्ग सहित आसपास के ग्रामीण इलाको में नकली गुटखा खपाने के लिए अवैध गोडाउन में तैयार किए गए है। जहां से फेरीवाले को अच्छ खासी मजदूरी राशि देकर जिलेभर में रोज करोडों रूपए का व्यापार किया जा रहा है। मजे की बात यह है किए औषधि प्रशासन विभाग के सांठगांठ से जिले में ही नकली गुटखा की पैकेजिंग की जा रही है।

हाल ही में ग्रामीणों के शिकायत के बाद हरकत में आए विभाग ने छापामार कार्यवाही की है। अंडा के पास कोनारी गांव में अवैध गुटखा फैक्ट्री ने प्रशासन को भी सक्ते में डाल दिया है। यहां डेढ करोड से अधिक का गुटखा पकडा गया है। जिसे बाजार में सप्लाई कर खपाया जा रहा था। बात यही तक खत्म नही होती इस तरह का गोरखधंधे के पीछे बिहारी व्यापारी दुर्ग में सक्रिय हो गए है। इनके जरिए लोकल सेल्स मैन तैयार कर इसे शहर व गांव में खपाया जा रहा है। इसमें गुटखा व गोला बिडी जैसे उत्पाद शामिल है। ऐसे नकली उत्पाद पर नजर रखने की जिम्मेदारी औषधि प्रशासन विभाग की हैए लेकिन विभाग के अफसरों के सांठगांठ से ही इस तरह का




### दूसरे जिले के कारोबारी हैं शामिल

दुर्ग न सिर्फ जिला है, बल्कि यहां से आधा दर्जन जिलों की मानिटरिंग होने के चलते इसे संभागीय कार्यालय का ओहदा है। लेकिन यही से इस तरह के कारोबार फल फूल रहे है। प्रतिबंधित जर्दायुक्त गुटखों के साथ नकली गुटखों का कारोबार भी एक बार फिर से पैर पसारने लगा है। मिलते.जुलते नामों से शहर व आसपास की फैक्टरियों में ही इसे बेहद गोपनीय तरीके से तैयार किया जा रहा है। इसके निर्माण से लेकर खुदरा सप्लाई के लिए एक गिरोह काम कर रहा हैए जिसकी सप्लाई चेन शहर से लेकर वनांचल तक फैली हुई है।

### बाहरी राज्यों से पहुंच रहा कच्चा माल

मध्यप्रदेश व उत्तरप्रदेश के शहरों से कच्चा माल मंगाकर पैकेजिंग की जा रही है। हालांकि दिल्ली में ईडी के छापे के बाद यहां भी इसके व्यापार से जुडे सिडिकेट के बीच हड़कंप हैए लेकिन ऐसे लोगों पर खाद्य व औषधि प्रशासन विभाग कोई कार्यवाई नही कर पा रहा है। चलन वाले नाम के गुटखा पाउचों की जमकर नकल की जा रही है। हुबहू नाम देकर उसकी वैसी ही पैकिंग की जा रही हैए जिस तरह की पैकिंग असली कंपनी देती है।

### शरीर के लिए बेहद हानिकारक

बाजार में गुटखा के कई ब्रांड उपलब्ध है। जिसका कापी कर नकली गुटखा तैयार की जा रही है। इसकी पैकेजिंग भी मापदंडों को दरकिनार कर किया जा रहा है। जिससे यह स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक है। सूत्रों ने बताया किए गांव.गांव के पान ठेलों में जाकर रिटेलर थोक में बेहद सस्ता दर भी लगा रहे है।ए जिसके बदले उन्हें मोटी कमीशन मिल रही है। इसके बाद भी औषधि प्रशासन विभाग के अफसर के नाक के नीचे पूरा कारोबार चल रहा है।

### संभागायुक्त ने लगाई थी फटकार

नकली गुटखा का कारोबार इतना तेजी से बढ रहा है किए इन दिनों इस तरह के पान ठेले स्कूल व कालेजों के आसपास जम गए है। सुबह टपरी लेकर बैठे दुकानदार शाम को पूरा समान समेटकर चले जाते है। दिनभर स्कूल व कालेजों के आसपास प्रतिबंधित गुटखा बेचे जा रहे है। इसके बाद भी स्वास्थ्य विभाग के नुमाइंदे कार्यवाही के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति करते नजर आते है। कोनारी में हुए कार्यवाही में अब तक जिला प्रशासन का बयान सामने नही आया है।

## तहसीलदार ने वीडियोकॉलिंग से पक्षकार का लिया बयान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कोर्ट की सुनवाई में विलंब होने के कारण पक्षकार को न्याय नही मिलने की समस्या को तहसीलदारों ने पलभर में सुलझा दिया। कोर्ट में किसी कारण से पक्षकार उपस्थित नही हो पा रहे थे। लंदन में होने के कारण सुनवाई में देरी हो रही थी और प्रकरण का निपटारा नही हो पा रहा था। ऐसे में संवेदनशीलता का परिचय देकर दुर्ग तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता ने वीडियों कांन्फ्रेसिंग के जरिए सुनवाई कराई।

- पक्षकार लंदन में होने के कारण सुनवाई में विलंब

नगरीय निकायए पंचायत चुनाव फिर सुशासन तिहार के आवेदनों के निराकरण में व्यस्तता के कारण राजस्व प्रकरणों की सुनवाई की रफ्तार धीमी पड़ गई थी। पीठासीन अधिकारियों के शिविर आदि में रहने के कारण पक्षकारों को मायूस होकर न्यायालय से बिना सुनवाई लौटना पड़ रहा था। लेकिन कोर्ट में भी अब डिजीटल सुनवाई से राजस्व न्यायालयों के सुनवाई में तेजी आई है। हाल ही में राजस्व प्रकरणों की सुनवाई के दौरान पक्षकारों ने बताया किए एक हितबद्ध पक्षकार लंदन में रहते है और वे न्यायालय में उपस्थित नहीं हो सकते तो पीठासीन अधिकारी तहसीलदार प्रफुल्ल कुमार गुप्ता ने पक्षकारों की परेशानियों को समझते हुए प्रकरण के शीघ्र निराकरण के उद्देश्य से विदेश ;लंदनद्ध में बैठे पक्षकार को वीडियो कॉलिंग कर प्रकरण में उनका पक्ष गंभीरता से सुना। पक्ष सुनकर प्रकरण अंतिम फैसला के लिए रख लिया।

### मृतक के परिजन को मिली आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने दुर्घटना में मृतक के परिजन को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मीलपारा रिसाली बस्ती भिलाई तहसील व जिला दुर्ग निवासी स्व कुंजलाल देशमुख की विगत 15 नवम्बर 2023 को डबरी तालाब रिसाली गांव नेवई में तालाब में उतरते समय पैर फिसलने से गिरने पर पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप स्व कुंजलाल देशमुख की पत्नी परदेशनीन बाई को 04 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## जनदर्शन में मुर्गी फॉर्म हटाने की मांग सहित मिले 160 आवेदन, कलेक्टर ने दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

अपर कलेक्टर ने साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। जनदर्शन में संयुक्त कलेक्टर सिल्ली थॉमस एवं हितेश पिस्दा भी उपस्थित थे। उन्होंने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने कहा। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से

- अपर कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं



संबंधित 160 आवेदन प्राप्त हुए।

पोलसाय पारा दुर्ग निवासी एक अभिभावक ने आरटीई शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत अपने पुत्र को दूसरे स्कूल में प्रवेश दिलाने के लिए आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि उनका पुत्र पहले ड्रीम इंडिया स्कूल, सिंधी कॉलोनी में आरटीई के तहत पढ़ाई कर रहा था, लेकिन स्कूल बंद हो जाने के कारण अब उसका भविष्य अंधकारमय हो गया है। पुत्र को घर के समीप आरटीई के तहत किसी अन्य प्राइवेट इंग्लिश मीडियम स्कूल में दाखिला दिलाने गुहार लगाई।

### भूमि अधिग्रहण के मामले को लेकर शिकायत

ग्राम चंगोरी तहसील पाटन निवासी एक किसान ने भारत माला सड़क परियोजना के अंतर्गत अधिग्रहित की गई भूमि का उचित मुआवजा न मिलने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि उनकी कृषि भूमि ग्राम बठेना में स्थित है जो पाटन से जामगांव होते हुए रायपुर मुख्य मार्ग से लगी हुई है। इस परियोजना के तहत उनकी जमीन अधिग्रहित की गई, लेकिन उसका उचित मूल्यांकन नहीं किया गया। जिससे उन्हें निर्धारित मुआवजा राशि प्राप्त नहीं हुई। किसान ने भूमि का पुनर्मूल्यांकन कर सही मुआवजा दिलाने की मांग की है। इस पर अपर कलेक्टर ने एसडीएम पाटन को मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने कहा।

## ग्रामीणों को मोर गांव मोर पानी की बता रहे खूबियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के अंतर्गत गुड गवर्नेंस गतिविधियों के तहत जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में प्रति माह रोजगार दिवस का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार दिवस में ग्रामीणों एवं जॉब कार्डधारी परिवारों को मनरेगा के दिशा.निर्देशों योजनाओं और उनके अधिकारों को जानकारी देकर उन्हें सशक बनाना जा रहा है।

- जन मनरेगा जल दूत एप्प एवं युक्तधारा पोटर्ल की जानकारी

मनरेगा के श्रमिकों आधार बेस्ड भुगतान एवं एनएमएमएस ऐप ई.एमबी ऐप मास्टर की एन्ट्री की जानकारी दिया गया। मनरेगा के तहत गुणवतापूर्ण जल सरंक्षण, आजीविकास संबंधर्न ओर पर्यावरण स्थिति में सुधार लगाया जा सकता है। महाअभियान में ग्रामीणों को बताया गया किए जीआईएस तथा अन्य तकनीकी उपयोग से बेहतर योजना और पारदर्शिता बनाये जावेगा। पंचायती राज के जनप्रतिनिधि, महिला संगठनों एवं कैडर की क्षमता निर्माण करना ताकि वे जल सुरक्षा और आजीविका योजनाओं के निर्माण होगा।



### आवास बनाने में 90 दिन की मिल रही मजदूरी

इस दौरान जनमनरेगाए पोर्टल एक पेड़ मां के नाम अभियान और जल संरक्षण मोर गांव मोर अभियान की विस्तार से जानकारी दी गई। ग्रामीणों को मनरेगा की बढ़ी हुई मजदूरी 261 ;अप्रैल 2025 से लागूद्ध की जानकारी दी गई। आवास योजना के अंतर्गत 90 दिवस मजदूरी भुगतान की प्रक्रिया समझाई गई। रोजगार दिवस जनपद पंचायत दुर्ग ग्राम पंचायत ढाबाए नगपुराए मतवारीए ननकट्टीए खपरी कुण्ए उमरकोटीए पउवाराए अंजोरा खए जनपद पंचायत पाटन सांतराए कोटनाए तरवाएए अकतईए तर्राए टेमरीए ओदोगहनए जनपद पंचायत धमधा ग्राम पंचायत पथरिया सए चेटुआए बिरोदा रोजगार दिवस का आयोजन किया गया।

### वर्षा जल सहेजने चला रहे अभियान

मनरेगा के तहत किसानों के हित के तहत वर्षा के बूंद.बूंद सहेजने हेतु जन.जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। रिचार्ज पीट व सोक पीठ निर्माण कार्य बढी संख्या में स्वीकृति किया गये वही नल जल योजना के तहत सभी घरों में पानी की सुविधा दिया जा रहा है। वही बहते पानी की रोकने हेतु जागरूकता अभियान चला कर स्वच्छ व शुद्ध जल की जानकारी भी दी जा रही है। ग्रामीण कृषकों कच्ची एवं पक्की नाली डबरी व कुंआ निर्माण के महत्वपूर्ण जानकारी भी जा रही है।

**मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास के कई सोपान पाए : खूबचंद पारख**

# संकल्प से सिद्धि अभियान के लिए जिला स्तरीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के विकसित भारत के अमृतकाल और सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के गौरवपूर्ण 11 साल पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाई जाने वाले 'संकल्प से सिद्धि' अभियान के लिए दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में जिला स्तर पर कार्यशाला आयोजित की गई।

- केंद्र सरकार के 11 साल पूरे होने पर कार्यक्रम

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मुख्य वक्ता खूबचंद पारख ने कहा कि 'संकल्प से सिद्धि अभियान समेत अन्य सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने में कार्यकर्ता प्राण-प्रण से जुट जाएं। आज पार्टी का जो विशाल स्वरूप हम देख रहे हैं। उसमें पार्टी के इन सभी कार्यक्रमों की महती भूमिका है। हमारे जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी व कार्यकर्ता इन कार्यक्रमों के माध्यम से जनता जनार्दन से सीधे जुड़ते हैं। कार्यक्रम को लेकर समाज के बीच जाने से जनता तक हमारा चिंतन विचार पहुंचता है। कांग्रेस लगातार झूठ फैलाने में लगी रहती है, इसलिए इस राष्ट्र को आगे बढ़ाने और राष्ट्रवाद की भावना को प्रखरता प्रदान करने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में हुआ। यह सब इन कार्यक्रमों के जरिए जनता को हम बताएं। केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार के कार्य योजनाओं और उपलब्धियों की चर्चा करते हुए श्री देव ने कहा कि जनता को इन कार्यक्रमों के जरिए सच्चाई और कांग्रेस के झूठ का पर्दाफाश करना है। मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष और कार्यक्रम के मुख्य वक्ता खूबचंद पारख, मंचासीन अतिथि दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, विधायक ललित चंद्राकर, ईश्वर साहू, पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशिला साहू, निवृत्तमान जिला अध्यक्ष एवं कार्यक्रम प्रभारी जितेंद्र वर्मा, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य उषा टावरी, चंद्रिका चंद्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रीतपाल बेलचंदन, दीपक चोपड़ा, साजन जोसेफ, सरिता मिश्रा, पूर्व विधायक डॉ बालमुकुंद देवांगन, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र पाध्ये, मंत्री आशीष निमजे रोहित साहू, कोषाध्यक्ष विनोद अरोरा, सह कोषाध्यक्ष नीलेश अग्रवाल, कार्यालय मंत्री मनोज सोनी, सह कार्यालय मंत्री अनूप सोनी दिनेश देवांगन आदि मौजूद रहे।



### पार्टी का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने भाजपा का मूल उद्देश्य और संगठन की भावना अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने इस पर पूरे समर्पण के साथ जुटना है। भाजपा ने जिस प्रामाणिकता के साथ काम किया और जन विश्वास अर्जित किया है। यही अमृतकाल है। राष्ट्रीय प्रदेश नेतृत्व के द्वारा समय.समय पर कार्यक्रमों के समीक्षा भी की जाएगी आप सभी से आग्रह है कि संगठन के द्वारा जो भी कार्यक्रम संकल्प से सिद्धि को लेकर आए हैं अब समय पर पूर्ण करें।

### पार्टी कार्यकर्ताओं को रखती हैं सक्रिय

भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा पार्टी राष्ट्रवादी विचारधारा पंचनिष्ठा के आधार पर कार्य करती हैए पार्टी सदैव किसी न किसी कार्यक्रम के माध्यम से पार्टी के कार्यकर्ताओं को सक्रिय रखती है। विधायक ईश्वर साहू ने इस कहा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 11 वर्ष सुशासन के देशवासियों ने देखा और प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में मोदी जी की गारंटी को भी सबसे पहले पूर्ण किया। भाजपा निवृत्तमान जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रमों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन साजन जोसेफ ने किया आभार कार्यक्रम सदस्य सुश्री सरिता मिश्रा ने किया।

## वार्ड 56 में बनेंगे 4 जगह उद्यान विधायक ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 56 में उद्यान बनाने विधायक गजेन्द्र यादव ने महापौर अलका बाघमार, पार्षद व नागरिकों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया। विधायक की पहल पर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में उद्यान की लंबित मांग का भूमिपूजन होने पर वार्डवासियों ने विधायक गजेन्द्र का आभार जताया। इस दौरान वार्ड के नागरिकों ने पौधा रोपण भी किया ताकी कॉलोनी में हरियाली बनी रहे। बघेरा क्षेत्र में विकास करने और भी कार्य करने नागरिकों से चर्चा की।

विधायक गजेन्द्र यादव ने बताया की वार्ड 56 बघेरा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में 32 लाख की लागत से 4 स्थान पर उद्यान निर्माण हेतु महापौर अलका बाघमार एवं वार्डवासियों के साथ भूमिपूजन किया। अब कॉलोनी में बच्चों को खेलने तथा बड़ो और बुजुर्ग को सुबह शाम टहलने के लिए उपयुक्त स्थल मिल जायेगा। इस अवसर पर सभापति श्याम शर्मा, एमआईसी मेंबर देवनारायण चंद्राकर, मनीष साहू, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, कांशीराम कोसरे, लीलाधर पाल, पार्षद ललित ढीमर सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के नागरिक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### मकान से जेवरात चोरी करने वाले चार युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** गृह प्रवेश की रात मकान में चोरी कर लाखों रुपए के जेवरात समेत सामान पार करने वाले चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि उमरपोटी निवासी शशी कुमार उपाध्याय के यहां 6 जून को गृह प्रवेश का कार्यक्रम था। कार्यक्रम के बाद सभी देर रात को अपने कमरे में सोने चले गए। तभी रात को अज्ञात मोबाइल समेत जेवरात पार कर फरार हो गए। सुबह उठकर देखने पर आलमारी के कई सामान गायब मिला था। पुलिस में शिकायत करने के बाद जांच शुरू हुआ। उतई पुलिस ने चोर को पकड़ने की तलाश में जुट गई। आसपास में लगे सीसी कैमरों को खंगाला गया। कुछ संदिग्ध युवकों को शिनाख्त कर हिरासत में लेकर पुछताछ किया गया। जिसमें स्टेशन मरोदा एचएससीएल कालोनी दुर्गा मंदिर थाना नेवई निवासी अमित पाण्डेय, गौरव यादव उर्फ आसू, सुमीत पाल, एक अपचारी बालक, वार्ड 21 आशा नगर राजनांदगांव सलमान कुरैशी शामिल है। आरोपियों से पुछताछ करने पर पुलिस को बताया कि उक्त मकान से चोरी करना स्वीकार किया। जेवरात गले का हार 2 लाख, तीन मोबाइल कुल 3 लाख 7 हजार रुपए का जब्त किया गया है। कार्रवाई में डीएसपी विपिन रंगारी समेत उनकी टीम का योगदान रहा।

### जयप्रकाश बने अध्यक्ष



**भिलाई।** नव युवा चेतना मंच जोन 2 चरोदा गणेश कमेटी की मीटिंग संपन्न हुई। जिसमें पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शशिकांत बघेल चरोदा मंडल अध्यक्ष ए गौरीशंकर, पार्षद चंद्र प्रकाश पांडे मौजूद थे। इस दौरान सर्वसम्मति से कमेटी का अध्यक्ष जयप्रकाश पांडे, कोषाध्यक्ष सनातन ठाकुर को चुना गया। इस दौरान बैठक में तीज राम वर्मा विकास कुमार एम अरुण विशाल भौतिक गौतम महानंद, पी दिलीप, पी संजय, संतोष दास, राजू वर्मा, ए वासु, आशीष तिवारी, अविनास, दिलीप पटेल, अजय तिवारी शामिल थे।

# नई पीढ़ी के पैकेज्ड भोजन की पसंद से बढ़ रहा है टनों प्लास्टिक कचरा

## इंडिया संस्था ने की प्लास्टिक प्रदूषण निदान पर परिचर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) की भिलाई शाखा द्वारा इंस्टीट्यूशन ऑफ प्लास्टिक इंजीनियर्स छग चैप्टर के सहयोग से पर्यावरण दिवस पर प्लास्टिक प्रदूषण नियंत्रण पर परिचर्चा आयोजित हुई। मुख्य अतिथि बीएसपी के ईडी बिपिन कुमार गिरी और विशिष्ट अतिथि सिपेट के प्रधान निदेशक डां. आलोक साहू और डां. प्रबीर कुमार नायक, क्षेत्रीय निदेशक, उत्तर मध्य छत्तीसगढ़ क्षेत्र, केन्द्रीय भूजल बोर्ड रायपुर थे। स्वागत भाषण में मानसेवी सचिव बसंत साहू ने दिया।



### पानी की कम खपत वाली फसल उत्पादन करें

डॉ. नायक ने कहा कि आज शहरों तथा ग्रामीण क्षेत्रों की आबादी, कृषि कार्य और उद्योग, सभी की निर्भरता भूजल पर बढ़ी है। कृषि क्षेत्र में सबसे अधिक भूजल का उपयोग होता है, जिसमे प्रति किलोग्राम चावल के उत्पादन में 1500 से 2000 लीटर जल की खपत होती है। उन्होंने चावल के उत्पादन को आवश्यकता अनुसार करने तथा अन्य फसलों जिनमें पानी की खपत कम है, के उत्पादन पर जोर दिया। भिलाई केंद्र के अध्यक्ष पुनीत चौबे ने कहा कि प्लास्टिक कचरा न सिर्फ खराब दिखता है बल्कि यह भूमि को भी प्रदूषित व उर्वरता को भी कम कर रहा है। उपाध्यक्ष बीपी यादव ने भी विचार व्यक्त किए। शंकराचार्य इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों ने स्वनिर्मित पर्यावरण अनुकूल इलेक्ट्रिक साइकिल का भी प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में इंडिय संस्था के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप तिवारी, बीएसपी के पूर्व सीजीएम एसवी नंदनवार, पूर्व जीएम पीके नियोगी सहित आईआईटी, सेट/सेल, एनएस पीसीपीएल, एसीसी, मेकान के अधिकारी भी थे।

श्री गिरी ने कहा कि नयी पीढ़ी की पैकेज्ड भोजन की पसंद की वजह से प्लास्टिक कचरे में बहुत अधिक बढ़ा है। आज प्लास्टिक प्रदूषण की समस्या अव्यवस्थित निपटान से हो रही है। सरकार और संस्थाएं पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रयास कर रही है पर आम जनमानस की मानसिकता में बदलाव आने से ही हम प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा कर पायेंगे। वक्ता डां. डॉ. साहू ने कहा कि प्लास्टिक का प्रदूषण के लिए आम-जनमानस की सोच बहुत हद तक जिम्मेदार है। भारत में सिर्फ 60% प्लास्टिक वेस्ट की रीसाइक्लिंग हो पा रहा है।

## लाइसेंस पर आवास आवंटन से समस्या का होगा समाधान

# टाउनशिप में क्वार्टरों के कब्जे की समस्या से हो रहा दोतरफा नुकसान

## हायर केटेगरी के आवासों की कमी, यूनियनों ने प्रबंधन से की लाइसेंसी आवास की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

बीएसपी टाउनशिप में क्वार्टरों के कब्जे की बढ़ती समस्या से बीएसपी के साथ कर्मचारियों को भी खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। मेन पावर कम होने के साथ ही आगे यह समस्या और भी विकट होती जाएगी। हायर क्वार्टरों की कमी को देखते हुए अतिक्रमण की समस्या के निदान के लिए अब लायसेंस पर आवास आवंटित किए जाने की मांग जोर पकड़ रही है। यूनियनों द्वारा कब्जे से निजात पाने के लिए बीएसपी प्रबंधन से लायसेंस पर आवास दिए जाने की पुरजोर मांग की जा रही है।

बीएसपी में पिछले लंबे समय से भर्ती बंद होने और कर्मियों के रिटायर होने से मेन पावर कम होता जा रहा है। वहीं दूसरी ओर 1960,70 के दशक में बने टाउनशिप के बीएसपी आवासों वर्षों पुराने होने से जर्जर होते जा रहे हैं। इस बीच क्वार्टरों में बेजा कब्जे की समस्या भी वर्षों से लाइलाज बनी हुई है। इससे बीएसपी को पानी बिजली का नुकसान और कर्मियों को आवासों की किल्लत से गुजरना पड़ रहा है। कब्जे की समस्या के निदान के लिए यूनियनें हायर कैटेगरी के क्वार्टरों की संख्या कम होने को देखते हुए प्रबंधन से लायसेंस पर आवास उठाने की मांग कर रही हैं। इससे जरुरतमंदों को मकान मिलेगा और बीएसपी के राजस्व में इजाफा होगा। बीएसपी हर महीने कर्मियों को 5 करोड़ रुपए एचआरए देता है। उल्लेखनीय है कि बीएसपी कर्मियों के तेजी से रिटायर होने से मकान खाली हो रहे हैं लेकिन हायर कैटेगरीज के अवास कम हैं। यूनियन सूत्रों के मुताबिक टाउनशिप में कुल करीबन 38 हजार बीएसपी क्वार्टर हैं, जिन्हें बीएसपी कर्मियों के अलावा थर्ड पार्टी, रिटेंशन व लायसेंस आदि योजनाओं में भी आवंटित किया गया है। वर्तमान में बीएसपी कर्मचारी मात्र 11 हजार और जबकि उनके लिए विभिन्न कैटेगरी के मकानों की संख्या सिर्फ 1628 हैं। वहीं अधिकारियों की तादाद 2629 है जबकि उनके लिए क्वार्टर मात्र 1 हजार ही बचे हैं। इनमें सी-3 श्रेणी के ईक्यू -1 वाले 2460 क्वार्टर शामिल नहीं हैं।

### खास बातें

- बीएसपी अधिकारियों की संख्या 2629 है जबकि ईक्यू-2 से केटेगरी 5 तक के आवास 1 हजार है
- कर्मचारी है 11 हजार जबकि मकान हैं 21 हजार



### एक्जीक्यूटिव व नॉन एक्जीक्यूटिव क्वार्टरों की संख्या

ईक्यू-1 कैटेगरी- 2460 क्वार्टर, ईक्यू-2-436 क्वा., ईक्यू-3 384, ईक्यू -4 -110,ईक्यू-5 152 मकान हैं। ईक्यू-1 के 2460 आवासों को छोड़कर कुल 1 हजार क्वार्टर टाउनशिप में स्थित हैं। जबकि एक्जीक्यूटिव 2629 है। वहीं नान एक्जीक्यूटिव 11 हजार कार्यरत हैं। कर्मचारियों के के एनक्यू-1 से एनक्यू 2 श्रेणी के कुल 21 हजार आवास हैं। एनक्यू-1 कैटेगरी के 13945 क्वार्टर, एनक्यू-2 के 7832, एनक्यू-3 के 1160, एनक्यू-4 में 4866 और एनक्यू-5 कैटेगरी के 1628 बीएसपी क्वार्टर हैं। जबकि कर्मचारी मात्र 11 हजार ही हैं। कर्मियों के एनक्यू-1 व 2 कैटेगरी के 21 हजार मकानों में 3 हजार अनफिट मकानों को डिस्मेंटर कल दिया गया है। वहीं 8 हजार क्वार्टर लायसेंस पर आवंटित हैं। 12 हजार रिटेंशनधारी हैं। वहीं 1 से 2 हजार मकान कब्जे में बताए जाते हैं। अतिक्रमण की समस्या से निजात पाने यूनियनें प्रबंधन को हायर केटेगरी के क्वार्टरों को कमी को देखते हुए लायसेंस पर आवास आवंटित किए जाने का सुझाव दे रही हैं।

# राजहरा माइंस में ड्राइविंग प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरु



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

बीएसपी के महामाया माइंस के सीएसआर के तहत महिला सशक्तिकरण के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग एंड ट्रैफिक रिसर्च (आईडीटीआर) के सहयोग से राजहरा माइंस में ड्राइविंग प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरु हुआ। मुख्य महाप्रबंधक आरबी गहरवार थे। शिविर में आसपास के ग्रामों की 21 महिलाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक अरुण कुमार, उप महाप्रबंधक शिवेश कुमार, आईडीटीआर के निदेशक अमित गुप्ता व उप प्रबंधक केके वर्मा भी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने कहा कि आज के परिवेश में ड्राइविंग एक यथार्थवादी व्यवसाय और लाभ का माध्यम बन सकती है, जिससे महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हो सकेंगी।

- महिलाएं होंगी स्वावलंबी

### सावधानियों की दी जानकारी

उप प्रबंधक केके वर्मा ने प्रशिक्षुओं को व्यावसायिक उपयोगों और ड्राइविंग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के विषय में जानकारी दी। कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षु महिलाओं को पहले लर्निंग लाइसेंस प्राप्त करने में सहायता की जाएगी, जिसके पश्चात प्रशिक्षण पूरा होने पर उन्हें स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम में कलवर, महामाया सहित आसपास के ग्रामों की महिलाओं ने भाग लिया।

# सेल के प्रबंधन तकनीकी प्रशिक्षु होंगे लाभान्वित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के प्रबंधन प्रशिक्षु (तकनीकी) एक्सटेंशन बैच के केंद्रीय इंडक्शन कार्यक्रम भिलाई निवास में शुरु हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन सेल के निदेशक केके सिंह ने वर्चुअली माध्यम से जुड़कर किया। निदेशक और भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अतिरिक्त प्रभार मनीष राज गुप्ता ने भी वर्चुअल माध्यम से नवप्रवेशित 57 प्रशिक्षुओं की हौसलाअफजाई। शुभकामनाएं दीं।मंच पर ईडी एस मुखोपाध्याय, पवन कुमार, राकेश कुमार, व संजय धर उपस्थित थे।

कार्यक्रम मेंग्लिम्प्सेस फ्रॉम ऑनबोर्डिंग ऑफ एक्सटेंशन बैच ऑफ सेल एमटीटी और 'इंट्रोडक्शन टू सेल शीर्षक से प्रस्तुत दो परिचयात्मक वीडियो के साथ हुई, जिनके माध्यम से प्रशिक्षुओं को सेल की कार्यप्रणाली और अधोसंरचना की झलक प्रदान की गई। इसके पश्चात कुछ प्रशिक्षुओं ने सेल से अपनी अपेक्षाएं साझा कीं। श्री सिंह ने कहा कि हमने अनेक उतार-चढ़ाव देखे हैं, परन्तु हर परिस्थिती में हम टिके रहे हैं। मात्र परिस्थिति का सामना करना पर्याप्त नहीं है। अब आवश्यकता है नवोन्मेष और योगदान की।श्री गुप्ता ने कहा कि यह प्रशिक्षण अवधि आपके लिए सीखने व उत्कृष्टता का अवसर लेकर आई है। उन्होंने सुरक्षा, स्वास्थ्य, और मानसिक-शारीरिक कल्याण को प्राथमिकता देने की सलाह दी। ईडी एस मुखोपाध्याय ने प्रशिक्षुओं से समाज और पर्यावरण के हित में कार्य करने का आग्रह किया।

# एससी, एसटी एम्पलाइज एसोसिएशन बीएसपी के मुख्य महाप्रबंधक से मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



बीएसपी एएसी/एसटी एम्पलाइजएसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने प्रतिनिधि मंडल भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक अनूप कुमार दत्ता से मिलकर कर्मियों व ठेका मजदूरों की समस्याओं के जल्द निदान की मांग की। सीजीएम ने आश्वस्त किया है।

अध्यक्ष कोमल प्रसाद ने सिंटर संयंत्र में गठित विभागीय समिति के पदाधिकारियों का परिचय दिया और संगठन की पत्रिका भेंट की। उन्होंने एस सी /एस टी अधिकारियों को ग्रेडिंग के मामले में मांग की कि एसोसिएशन को कुछ शिकायतें आईं हैं कर्मियों के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। नियमित कर्मचारियों और संयंत्र में कार्यरत ठेका श्रमिकों की सुरक्षा और मूलभूत सुविधाएं जैसे शौचालय, विश्राम कक्ष, केन्टीन आदि समस्याएं भी जल्द पूर्ण हों। सीजीएम ने आश्वस्त किया कि जहां सुधार की आवश्यकता है वहां सुधार और मरम्मत कार्य चल रहा है। सिंटर प्लांट की शिकायत पर उन्होंने बताया किकभी-कभी नोजल की खराबी या मोटर पम्प की खराबी के कारण से यह समस्या आ जाती है परतु उसे ठीक कर लिया जाता है। ऊपर से गिरते डस्ट को नीचे तक बिना उडे पहुंचाने की तकनीक पर कार्य कर रहे हैं जिससे फाईन डस्ट की समस्या से बहुत हद तक छुटकारा मिल सकता है। महासचिव विजय कुमार रात्रे ने सिंटर संयंत्र एवं ओएच पी के अनुसूचित जाति एवं जनजाति के नियमित कर्मचारियों को अंतर संयंत्र प्रशिक्षण के लिए भेजे जाने की मांग की। प्रतिनिधि मंडल में कार्यकारी अध्यक्ष चेतन लाल राणा, उपाध्यक्ष वेद प्रकाश सूर्यवशी, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार खेलवार, विभागीय समिति के अध्यक्ष मोहित ठाकुर, सचिव जसवंत नेताम, कोषाध्यक्ष उदय कुमार राम, उमेश कुमार सूर्यवंशी शामिल थे।

- कर्मियों व मजदूरों की समस्याओं का जल्द हो निदान

# गुणवत्ताविहीन कार्यों का भुगतान रोकेगा रिसाली निगम, अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रिसाली

नगर पालिक निगम रिसाली की महापौर शशि सिन्हा ने विजिट के दौरान ठेकेदारों को दो टूक कहा है कि खराब गुणवत्ता वाले कार्य पर निगम भुगतान नहीं करेगा। दरअसल वे निगम क्षेत्र में निर्माणधीन कार्य का निरीक्षण लगातार कर रही है। इस दौरान उन्होंने निगम क्षेत्र में बनने वाले रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को भी देखा।

महापौर सिन्हा अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए है कि खराब गुणवत्ता वाले कार्यों की फाइल को आगे न बढ़ाए। जांच में प्रथम, द्वितीय किस्त जारी करने पर सीधे अधिकारी के खिलाफ गुणदोष के आधार पर कार्यवाही करने उच्च अधिकारियों को पत्र प्रेषित किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निर्माण कार्य कई जगह पर चल रहा है। इस कार्य को अधिकारी सूक्ष्मता से देखे। महापौर शशि ने स्थल चयन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दी। उन्होंने महापौर परिषद के सद्स्य जहीर अब्बास, संजू नेताम, अनिल देशमुख के साथ वार्ड 17 शिव पारा, वार्ड 19 विजय चौक, वार्ड 20 शंकर पारा, वार्ड 26 अवधपुरी में निर्माणधीन रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निरीक्षण की।

- रिसाली महापौर ने औचक निरीक्षण के दौरान दिए निर्देश



### 300 चयनित स्थानों में 85 पर काम आरंभ

निगम क्षेत्र में भूमिगत जल स्त्रोत को बढ़ाने और बारिश के पानी को सहेजने लगभग 300 स्थानों का चयन रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने किया गया है। उक्त कार्य अनुराग शर्मा और मेसर्स रविन्द्र भगत द्वारा किया जा रहा है। दोनो ही एजेंसी अलग-अलग क्षेत्रों में कुल 85 चिन्हित स्थानों पर कार्य आरंभ किया है।

**न्यायालय तहसीलदार गुरूर, जिला-बालोद (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम ग्रामवासी ग्राम गुरूर एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक लवकुमार आ. पुरुषोत्तम जाति गोड़ एवं अन्य चार साकिन गुरूर द्वारा ग्राम गुरूर प.ह.नं. 21 तहसील गुरूर स्थित भूमि ख.न. 164/2, 741/1, 743/2, 750/2 रकबा क्रमशः 0.01, 0.38, 0.02, 0.02 हे. कुल ख.न. 04 कुल रकबा 0.43 हे. लगान 1.16 रू. के रिकार्डेड भूमिस्वामी पुरुषोत्तम पिता बालकराम है। आवेदक क्र.-10 से 03 पुरुषोत्तम पिता बालक राम के विधिक वारिसान है। ग्राम गुरूर स्थित भूमि ख.न. 164/1, 743/3 रकबा क्रमशः 0.01, 0.01 हे. के रिकार्डेड भूमि स्वामी आवेदक क्र.-04 है। ख.न. 743/1, 741/1, 743/2, 743/3 ग्राम गुरूर के दीनानाथ तालाब के आस-पास की भूमि है। जिसके आस-पास मकान बन चुके है। जिसके कारण कॉजी हाऊस एवं सरकारी कार्यालय एवं निजि मकान बन चुके है। जिसके कारण आवेदकगण को अपनी खेत में आने-जाने के लिये परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आवेदकगण ग्राम गुरूर स्थित भूमि ख.न. 743/1, 741/1, 743/2,743/3 में आने जाने हेतु रास्ता प्रदाय किये जाने हेतु श्रीमान कलेक्टर महोदय बालोद की ओर प्रस्तुत आवेदन पत्र जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

अतः उक्ताशय के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा-आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 16.06.2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या अपने अभिभाषक माध्यम से आपत्ति-दावा पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति-दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
गुरूर जिला बालोद

## पेज 11 के शेष...

### युक्तियुक्तकरण ...

अध्यापक तथा चार शिक्षक यथावत रखा जाए। हायर सेकडरी में वाणिज्य व्याख्याता के दो पद पूर्ववत रखा जाए। सौंपे गए ज्ञापन में उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा प्रकरण डबल्यू ए 261/2023 द्वारा डबल बैंच के पारित निर्णय अनुसार सोना साहू शिक्षक पंचायत, शिक्षक एलबी को पंचायत एवं शिक्षा विभाग के सेवा को मिलाकर क्रमोन्नत वेतनमान एरियर्स सहित भुगतान किया गया है। तदनुसार प्रदेश के सभी पात्र शिक्षकों के लिए क्रमोन्नत वेतनमान का जनरल आर्डर जारी किया जाए। मांग में शिक्षक एलबी संवर्ग के पूर्व सेवा की गणना कर पेंशन सहित अन्य लाभ देने तथा पदोन्नति में बीएड की अनिवार्यता को खत्म कर शिक्षक से व्याख्याता एवं व्याख्याता से प्राचार्य पदोन्नति में डीएड प्रशिक्षित को अवसर देने व प्राचार्य के पदों पर 10 प्रतिशत पदों पर विभागीय परीक्षा द्वारा तत्काल पद पूर्ति करने की मांग शामिल हैं। प्रदर्शन के बाद शिक्षक साझा मंच के प्रतिनिधिमण्डल की कलेक्टर से चर्चा हुई, जिसमें जिले में काउंसिलिंग व पदांकन में हुई त्रुटियों से अवगत कराया गया व कार्यवाही की मांग की गई।

### शराब पीने की...

में ले लिया गया। हिरासत में लिए गए आरोपी से जब पूछताछ की गई, तो घटना के पीछे का चौंकाने वाला सच सामने आया। पता चला कि मृतक विजय बघेल (पिता स्वर्गीय खोलबहरा बघेल, उम्र 40 वर्ष, निवासी राजा पारा डौंडीलोहारा) शराब भट्ठी के पास बैठा हुआ था। इसी दौरान, आरोपी जालम आमदो (पिता मनराखनलाल आमदो, उम्र 31 वर्ष, निवासी भालूकोनहा, थाना डौंडीलोहारा) शराब लेने आया था।

### जनदर्शन में लोगों ...

बातचीत कर उनके मांगों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। दिव्यांग बालिका कुमारी अरीना द्वारा दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं राशन कार्ड बनाने हेतु जनदर्शन में आने की जानकारी दी। कलेक्टर मिश्रा ने तत्काल स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को तलब कर कुमारी अरीना को जिला चिकित्सालय में ले जाकर दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने की कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए शीघ्र उन्हें दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रदान करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर मिश्रा ने समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को जनदर्शन में बैटरी चलित ट्राइसाइकिल की मांग करने पहुँचे जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम अर्जुंदा निवासी दिव्यांग चनेश्वर को तत्काल बैटरी चलित ट्रायसायकल प्रदान करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर मिश्रा ने जनदर्शन कक्ष में ही दिव्यांग चनेश्वर को बैटरी चलित ट्राइसाइकिल प्रदान कर उन्हें शुभकामनाएं दी। **कारूटोला में शिक्षक नियुक्त की मांग-** जनदर्शन में आज डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम कोटगांव निवासी देवेन्द्र साहू ने अपने गांव की पानी टंकी की मरम्मत, ग्राम मथेना के ग्रामीणों ने गांव में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने, सामाजिक कार्यक्रता भूपेन्द्र साहू ने राष्ट्रीय राजमार्ग 930 में झलमला चौक से शासकीय महाविद्यालय बालोद तक डिवाइडर निर्माण करने की मांग। शाला प्रबंधन समिति ग्राम कारूटोला के सदस्यों के द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला कारूटोला में शिक्षक नियुक्त करने की मांग की। ग्राम गुरामी निवासी मानसिंह ने बंदोबस्त त्रुटि सुधार करने के संबंध में मांग की। ग्राम भालू कोन्हा के मानसिंह ने ग्राम में व्यवसायिक परिसर बनाने की मांग की।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)


इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
(शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)
100% CAMPUS PLACEMENT
TEAM CREATIVE
मारूती इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
ग्राम - दानीटोला, पोस्ट - भैसबोड़, तहसील - डौंडी, जिला - बालोद (छ.ग.)
09229820000, 07470542137

## खबर संक्षेप



### बिरसा मुंडा का शहादत दिवस मनाया

**उतई।** बिरसा मुंडा की 150वी 'शहादात दिवस मनाया। गोंडवाना विकास समिति उतई में बुढ़ादेव मंदिर में अत्याचार और शोषण के खिलाफ क्रांति का आगाज करने वाला महान स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा के तैलचित्र पर पूजा अर्चना कर माल्यार्पण किया एवं श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं उसके द्वारा किए गये कार्य को याद कर समाज में हित कार्य करने के लिए समाज में उपस्थित लोगों से अपील की। इस अवसर पर गोंडवाना विकास समिति के अध्यक्ष बहादुर सिंह नेताम, पूर्व उपाध्यक्ष अमर सिंह ठाकुर, पुजारी रामदयाल ठाकुर, शंकर ठाकुर, तोरण ठाकुर, मातृशक्ति अध्यक्ष सरोज ठाकुर, वैदिक ठाकुर, डामिन नेताम, मायावती मांडवी, अजय ठाकुर, भरत मंडावी, पंकज कुंजाम, संतोष नेताम, जितेश कुंजाम, केशनी मंडावी एवं समाज लोग उपस्थित थे।

### सांसद विजय से की भेंट मुलाकात

**पाटन।** दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल ब्राज़ील की राजधानी ब्रासीलिया में आयोजित तीन दिवसीय 11वें ब्रिक्स संसदीय मंच के कार्यक्रम को सम्बोधित कर जब शाम को रायपुर अपने छत्तीसगढ़ प्रदेश वापसी पर माना एयरपोर्ट पर पहुँचे तो स्वागत किया गया। इसी क्रम में पाटन नगर पंचायत के सभापति नेहा बाबा वर्मा ने सांसद विजय बघेल का गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। इस दौरान नगर पंचायत पाटन की उपाध्यक्ष निशा सोनी, पार्षद अन्नपूर्णा पटेल, सांसद प्रतिनिधि राजेश चंद्राकर, सुरेन्द्र वर्मा, परमजी सिंह, हुलाराम वर्मा, नारायण पटेल सहित दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### आकाशीय बिजली गिरने से दो मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत

**मोहला।** आकाशीय बिजली गिरने से अंबागढ़ चौकी नगर के समीपस्थ ग्राम मालडोंगरी में आज अलग-अलग परिवार के दो मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई है। हादसे में दोनों नाबालिग की घटनास्थल पर ही एक साथ मौत हो गई।उल्लेखनीय कि दोपहर बाद लगभग 4 बजे के करीब बिजली कड़कने के साथ मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। इसी दौरान मालडोंगरी गांव में सारिका कुंजाम पिता रामकुमार कुंजाम 13 वर्ष तथा संदीप नेताम पिता रुस्तम नेताम 14 वर्ष घर के करीब स्थित आम पेड़ के नीचे खेल रहे थे। बारिश शुरू होते ही किसी तरह बच्चे संभल पाते, इसी वक्त अचानक उनके ऊपर आकाशीय बिजली गिर गई। दोनों बच्चों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया गया कि हादसे के दौरान चार-पांच बच्चे आम पेड़ के नीचे खेल रहे थे, तभी बिजली गिरने के साथ बारिश शुरू हुई। बिजली गिरने से जहां दो बच्चों की मौत हुई। वहीं मृतक संदीप का छोटा भाई भी मामूली रूप से इस हादसे में घायल हुआ है। दोनों बच्चों के माता-पिता किसानी रोजमर्रा की रोजी मजदूरी से जुड़े हुए हैं।

इस घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है।

---

**उम्मीद की किरण : शिक्षकों की कमी होने से पढ़ाई में होती थी प्रभावित**

# शिक्षकों की कमी दूर, युक्तियुक्तकरण से कुदारी दल्ली, जुन्नापानी स्कूलों को लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा/बालोद

डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम कुदारी दल्ली के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला तथा डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम जुन्नापानी के शासकीय प्राथमिक स्कूल में विगत 02 सालों से शिक्षकों एवं विषयवार शिक्षकों की कमी से जूझ रहा था। पिछले कुछ वर्षों से ग्रामीण एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्य शिक्षकों की लगातार मांग कर रहे थे। स्कूलों में शिक्षकों की कमी से बच्चों को पढ़ाई में कई समस्याएं आ रही थी। शिक्षकों की कमी को देखते हुए स्कूल चलाना न केवल बच्चों के भविष्य के लिए हानिकारक था, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता पर भी गहरा प्रभाव डाल रहा था। लेकिन अब मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में युक्तियुक्तकरण की पहल ने इस स्कूल में बेहतर शिक्षा के लिए एक नई उम्मीद की किरण जगाई है। हाल ही में युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के तहत डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम कुदारी दल्ली के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में गणित विषय के लिए शिक्षक रामकुमार भुआर्य तथा कला विषय अंतर्गत शिक्षक लोमेश कुमार की नियुक्ति की गई है।

- युक्तियुक्तकरण होने से विभिन्न विषयों के शिक्षकों की हुई पदस्थापना



#### विद्यार्थी, शिक्षकों एवं पालकों में हर्ष

इसी तरह डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम जुन्नापानी के शासकीय प्राथमिक स्कूल में प्रधान पाठक के रूप में अंजली कुरेटी तथा सहायक शिक्षक शिव कुमार नागवंशी की नियुक्ति की गई है। इस तरह से सुदूर वनांचल के ग्राम कुदारी दल्ली एवं जुन्नापानी स्कूलों में शासन के युक्तियुक्तकरण के नीति के तहत शिक्षकों की नियुक्ति की बहुप्रतीक्षित मांग होने पर विद्यार्थी, शिक्षकों एवं पालकों में सर्वस्व हर्ष व्याप्त है। अपने गांव के स्कूलों में शिक्षकों की सौगता मिलने से वे सभी अपने नवनिहालों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण को लेकर पूरी तरह से आशान्वित नजर आ रहे हैं।

#### यहां हुई शिक्षकों की पदस्थापना

इन स्कूलों में नए शिक्षकों की पदस्थापना होने से ग्राम कुदारी दल्ली के सरपंच रिस्की बुग्गा, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जान सिंह साहू तथा ग्राम जुन्नापानी के सरपंच श्वेता पोर्ते एवं शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चोवाराम साहू एवं ग्रामीणों ने मांग पूरी होने पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनके प्रति विनम्र आभार व्यक्त किया है।

उल्लेखनीय है कि युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया से न केवल स्कूल में पढ़ाई के स्तर में सुधार होगा, बल्कि इससे स्कूली विद्यार्थियों, पालकों, ग्रामीणों और स्कूल समिति के सदस्यों में भी खुशी की लहर दौड़ गई है। छत्तीसगढ़ में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को तेजी से पूरा कराया है। इस प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य स्कूलों में शिक्षकों की कमी और संसाधनों के असमान वितरण की समस्या को दूर करना है। इस बदलाव से यहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों के पालक, ग्राम पंचायत के पदाधिकारी सहित स्कूल की जनभागिदारी समिति के सदस्य बेहद उत्साहित हैं। इस तरह यह पहल न केवल शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने में सहायक होगी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के प्रति जागरूकता और विश्वास को भी मजबूत करेगी। ग्रामीणों और स्कूल समिति के सदस्यों का उत्साह इस बात का प्रमाण है कि शासन की यह पहल जनता के हित में है।

---

# 450 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एमके सुर्यवंशी के निर्देशानुसार जिले के सभी विकासखण्डों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का चलाया गया। जिसके अंतर्गत प्रत्येक गर्भवती महिलाओं की गुणवत्तापूर्वक प्रसव पूर्व जांच एवं जटिल प्रकरणों की समय से पहचान व उपचार के लिए जिले में जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों सहित 21 चिन्हांकित स्वास्थ्य संस्थाओं में 450 गर्भवती महिलाओं का निःशुल्क जांच किया गया।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का समापन 09 जून 2025 को आयोजित किया गया। जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सक, चिकित्सा अधिकारी के माध्यम से चिन्हांकन एवं आवश्यक उपचार की व्यवस्था की गई थी। जिसके अंतर्गत 450 गर्भवती महिलाओं का निःशुल्क जॉच किया गया। जिसमें 56 गर्भवती महिलाए उच्च जोखिम गर्भावस्था की श्रेणी में पाया गया। इन हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं का अब विशेषज्ञो के द्वारा सतत निगरानी रखी जाएगी। चिन्हांकित गर्भवती महिलाओं का जिला चिकित्सालय में निःशुल्क सोनीग्राफी कराई जा रही है। गर्भावस्था के चौथे से नौवे महीने के बीच महिलाओं को विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में जरूरी जाँच, परामर्श और इलाज मुहैया कराया जा रहा है जिससे किसी भी संभावित खतरे को पहले ही पहचान कर उपचार किया जा सके। ग्राम स्तर पर मितानिनों और ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजको ने घर–घर जाकर गर्भवती महिलाओं की सूची तैयार कर उन्हें निर्धारित अस्पतालों तक पहुँचाया गया। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओ को हीमोग्लोबिन, रक्तचाप, रक्त, मुत्र जाँच, और सोनोग्राफी जैसी सभी सुविधाऐ निःशुल्क उपलब्ध कराई गई।

---

### भारोत्तोलन प्रतियोगिता में कन्हैया का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**सेलूद।** जगदलपुर में राज्य स्तरीय ग्रीष्म कालीन भारोत्तोलन प्रतियोगिता 2025 में 55 किलो वजन वर्ग समूह में महुदा ग्राम के कुंदन विश्वकर्मा ने अंडर 17 में स्वर्ण पदक अंडर 19 में स्वर्ण पदक सीनियर में स्वर्ण पदक, भूपेश साहू ने 61 किलो वजन वर्ग समूह में अंडर 17 में स्वर्ण पदक, अंडर 19 में कांस्य पदक टाकेस्वर साहू झीट ने अंडर 17 में कांस्य पदक हासिल किया। साथ ही साथ कन्हैया साहू झीट निवासी ने अंडर 19 में चौथे स्थान पर रहे। पूरे प्रतियोगिता में दुर्ग जिले से सिर्फ 4 खिलाड़ियों ने भाग लिया था सभी का बहुत ही बढ़िया प्रदर्शन रहा। टीम के कोच योगेश कुमार ने खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

---





# पर्यावरण संरक्षण पर माताजी के नाम एक पेड़ लगाने का आव्हान

**अखंड ज्योति शताब्दी वर्ष के लिए शांतिकुंज प्रतिनिधि का आगमन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

अखण्ड ज्योति के सौ वर्ष पूरे होने तथा वंदनीय माता के जन्म के सौ वर्ष पूरे होने पर विजन 2026 के लिए शांतिकुंज प्रतिनिधि लेख राम साहू का विभिन्न प्रज्ञापीठों फिरतूटोला, रेंगाडबरी, खैरकट्टा , डौडीलोहारा, रेंघई, खरथुली, नारगी, देवरी,हल्दी में गोष्ठी हुई। गोष्ठी मेंपरिजनों को गुरुदेव पंडित श्री राम शर्मा आचार्य के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला गया। गुरुदेव ने कठिन तपस्या कर गायत्री को साध लिया था। 24 लक्ष्य के 24 महापुरश्चन 24 वर्ष तक गौ माता को जौ खिलाकर, उसके गोबर से जौ को छांटकर अलग कर दो रोटी बनाई। जिसमें से एक रोटी गो माता को खिलाकर तथा दूसरी रोटी को खाकर तथा एक गिलास छाछ पीकर ही 24 वर्ष तक कठोर साधना कर गायत्री को साध लिये थे। माताजी जन्म शताब्दी पर सभी परिजनों से आग्रह कर पर्यावरण संरक्षण पर माताजी के नाम से एक पेड़ लगाने का आव्हान किया। सभी प्रज्ञापीठ पर आय व्यय को पारदर्शी रखने, सभी का पंजी में संधारण की बात बतायी गई। विभिन्न प्रज्ञा पीठों में गोष्ठी में गुरुबंधु, भोला साहू, गोवर्धन उर्वशा, मिलन सिन्हा, प्रेम सिंह कोलियारे, पुराणिक सोरी, प्रज्ञानंद बाघमरिया, विशंभर बाघमरिया, शोभना देशमुख, लूणकरण ठाकुर, सेवक राम ठाकुर, ओमप्रकाश केसरा, खिलावन पटेल, मायाराम यदु, यादराम साहू, ओमप्रकाश साहू, दौलत साहू, सेवाराम मंडावी, पवन टेंभुरने, सावित्री कवर आदि का सहयोग रहा।

---

# गांवों में मैजिक पीट व घरों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

विकासखंड के गांव गांव में मैजिक पीट का निर्माण होने से बरसाती पानी का सदुपयोग होगा। वाटर लेवल बढ़ाने में मदद मिलेगी। गंदे पानी का जमाव नहीं होगा। तालाब में गंदे पानी नहीं जायेगा। जिससे तालाब का पानी दूषित नहीं होगा। घरों से निकलने वाली अनुपयोगी पानी नाली के माध्यम से बहकर या तो तालाबों में जाता था या गलियों में जमाव हो जाता था। जिससे संक्रामक बीमारी फैलने का डर बना रहता था। लेकिन अब उच्च कार्यालय से स्वीकृति मिलते ही ग्राम पंचायतों के माध्यम से मैजिक पीट का निर्माण किया जा रहा है जो कि स्वच्छता के साथ ही पेय जल तथा निस्तारी का पानी दूषित होने से बच रहा है। जनपद पंचायत डौंडीलोहारा के सीईओ पंकज देव ने कहा है कि गांवों में बारिश के दिनों में पानी बहकर नदी नालों में बह कर चला जाता था। गंदे पानी निस्तारी तालाबों में भी बह कर जाता था। उसे रोकने मैजिक पीट का निर्माण किया जा रहा है। जिससे पानी फिल्टर होकर जमीन के अन्दर प्रवेश करेगा भू जल स्तर बढ़ेगा। मैदानी अमला गांवों का सर्वे कर रहे हैं। जहां जहां मैजिक पीट की आवश्यकता है। ग्राम पंचायत से प्रस्ताव मिलते ही स्वीकृति हेतु उच्च कार्यालय को भेजा जा रहा है।

- गांवों में जल संरक्षण के लिए चल रहा सर्वे



**पेयजल समस्या से मिलेगी निजात-** एसबीएम के संकुल समन्वयक गौतम सिन्हा ने कहा है कि मैजिक पीट के साथ ही अपने अपने घरों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम तैयार कर पेयजल की समस्या से निजात पा सकते हैं। दिनों दिन भू जल स्तर गिरता जा रहा है। जन भागीदारी के माध्यम से अपने घरों के छतों से बारिश के दिनों में बहने वाली पानी को वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के माध्यम से सहेज कर भू जल स्तर को बढ़ाने में मदद करें। जल है तो कल है।

---

# नशा मुक्ति की प्रतिज्ञा से गूंज उठा ग्राम रूही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

संस्कार वेलफेयर फाउंडेशन महुदा एवं इस्कॉन प्रचार केंद्र महुदा के संयुक्त प्रयास से आयोजित हरिनाम संकीर्तन एवं नशा मुक्ति अभियान ने ग्रामवासियों के हृदय को छू लिया। भक्तों की टोली जब गांव की गलियों से होते हुए संकीर्तन करती चली तो महिलाएं अपने द्वार पर दीप जलाकर स्वागत करने लगीं, बच्चे जयकारे लगाने लगे, और वृद्ध श्रद्धा से हाथ जोड़कर हरिनाम में लीन हो गए लेकिन यह केवल संकीर्तन नहीं था यह एक संकल्प था। एक संकल्प व्यसन से मुक्ति का, एक संकल्प संस्कारमय समाज के निर्माण का, प्रोजेक्टर के माध्यम से कार्यक्रम में यह दिखाया गया कि, नशा केवल शरीर ही नहीं, आत्मा और समाज दोनों को जला देता है। अब समय आ गया है, जब हम सब मिलकर इससे मुक्ति की राह चुनें। इस भावपूर्ण आयोजन में ग्राम रूही के सभी लोगों ने एकजुट होकर भाग लिया। महिलाएँ, युवा, बुजुर्ग, बच्चे सभी ने मिलकर भक्ति और जागरुकता का संगम रच दिया। कार्यक्रम का अंत सामूहिक संकल्प के साथ हुआ, जिसमें सभी ने एक स्वर में कहा अब व्यसन नहीं, केवल हरिनाम। इस अलौकिक आयोजन को सफल बनाने में संस्कार वेलफेयर फाउंडेशन एवं इस्कॉन प्रचार केंद्र महुदा के सेवाभावियों की भूमिका सराहनीय रही।

### पौधारोपण करने लोग कर रहे श्रमदान

**धमधा।** धर्मधाम गौरवगाथा समिति धमधा, अभिनव जीवन कल्याण समिति दुर्ग, हिंद एथलेटिक्स क्लब धमधा, ग्राम पंचायत बिरझापुर के नेतृत्व में शनि मंदिर तलाब का संरक्षण करते हुए जीर्णोद्धार किया जा रहा है। जिसे इको क्लब क्षेत्र बनाने की दिशा में वृहद रूप से वृक्षारोपण किया जाना सुनिश्चित किया गया है। आयोजन समिति ने बताया कि यह क्षेत्र लोगों के लिए एक हृदय स्थल बन सके इस दिशा में कार्य किया जा रहा है। हर पौधे की सुरक्षा की जिम्मेदारी ली जा रही है एवं उनकी सुरक्षा के लिए मिट्टी का परीक्षण किया गया और जानवरों से सुरक्षित रखने के लिए फेंसिंग पोल भी लगाकर जगह को संरक्षित किया जा रहा है। वहीं इस मुहिम को पूरा करने के लिए आयोजन समितियों द्वारा निःशुल्क पौधारोपण करने के लिए इंटरनेट द्वारा ऑनलाइन फॉर्म भी भरवाया जा रहा है जिससे लोगों की उत्सुकता भी दिख रही है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

---

**तम्बाखू से होने वाले रोगों के बारे में आमजनों को किया जागरूक**

# नशे से दूर रहने और जन जागृति के लिए ब्रह्माकुमारीज ने आयोजित किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

विश्व तम्बाखू निषेध दिवस पर ब्रह्माकुमारीज द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्रह्माकुमारीज द्वारा पूरे भारत में सरकार के साथ मिलकर चलाया जा रहा नशा मुक्त अभियान के तहत प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की सहयोगी संस्था राजयोग एज्युकेशन एण्ड रिसर्च फाउंडेशन के मेडिकल विंग द्वारा प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गुरुर में प्रभु उपहार सेंटर में नशे से दूर रहने एवं जन जागृति के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसमें मुख्य अतिथि डॉ. कविता साहू तथा भूपेंद्र साहू ब्रह्मा कुमार मयाराम माउंट आबू में ब्रह्मा कुमारी मधु बहन ब्रह्मा कुमारी सरस बहन तथा भाई बहनों की उपस्थित में किया गया। डॉक्टर कविता बहन नें नशा से होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा नशा हमारे समाज में जहर की तरह फैल रहा है, इसमें हमारी युवा पीढ़ी गिरफ्त में आते जा रही हैं, जो समाज के लिए खतरा बनते जा रहा है, उन्होने तंबाकू से होने वाले बीमारी से अवगत कराया और बताया 90 प्रतिशत फेफड़े का कैंसर होता है, विश्व में अधिक मात्र में शराब का सेवन किया जाता है, 60 प्रतिशत से अधिक सड़क दुर्घटनाओं का कारण शराब है, शराब का सेवन करने से सिरोसिस मस्तिष्क के कार्य में भी अनियंत्रित और हाई ब्लड प्रेशर की समस्या हो जाती है, उन्होंने कहा व्यसन व्यक्ति के स्वास्थ्य पर घातक प्रहार करता है, जिसकी क्षतिपूर्ति करना असंभव सा प्रतीत होता है।




डॉक्टर भूपेंद्र ने अपने जीवन के अनुभव द्वारा नशे से होने वाली परेशानियां समस्याओं का परिणाम का जिक्र किया कि किस प्रकार से नशा करने से शारीरिक और आर्थिक क्षति पहुंचती है, इससे हमारे देश को कितना नुकसान हो रहा हैं। हमें अपने युवा पीढ़ी को नशे के दलदल से बचाना होगा। व्यसन से केवल मानव जीवन की बर्बादी होती हैं। ब्रह्मा कुमारी सरस दीदी ने कहा लोगो को हानिकारक पदार्थो से बचाना एवं उससे दूर रहने के लिए जागुरुक करना है, इसके साथ ही संस्थान के माध्यम से राजयोग ध्यान और आध्यात्मिक शिक्षा के द्वारा समाज में फैली विकृति और बुराईयो से दूर रहने की शिक्षा दी जाती है, उन्होंने कहा कि भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रलय द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के तहत प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय माउंट आबू का एमओयू साईन हुआ है, जिसके तहत पूरे भारत में नशा मुक्ति हेतु जनजाग्रति के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है, उसी के अंतर्गत आज यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

ब्रह्माकुमारीज संस्थान वर्षो से व्यसन मुक्ति के लिए मेरा भारत व्यसन मुक्त भारत जैसे अनेकानेक कार्यक्रमों के माध्यम से जन जाग्रति हेतु कार्य कर रहा है जिसका परिणाम यह रहा कि हजारों लाखों भाई बहनों ने राजयोग मेंडिटेशन को अपने जीवन में अपनाकर अपने जीवन को नशा मुक्त कर बेहतर बनाया है, इसके अंतर्गत ब्रह्माकुमारीज के द्वारा बिभिन्न एक्टिविटीज के माध्यम से पूरे भारत में स्कूल, कॉलेज, विश्व विद्यालय, स्लम एरिया एवं ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों, पुरुषो एवं महिलाओं के लिए कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। लोग डिप्रेशन, अनिद्रा, तनाव, बीती हुई दुखद घटनाओं की स्मृति, पारिवारिक कलह, बुरे संग के कारण इन नशीले पदार्थों का सेवन करने लगते हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 15,500/
रिजर्वेशन कोच
14 जुलाई, 13 अगस्त, 10 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ऑकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि:-स्लीपर-15500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411